खबर संक्षेप

योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यमंत्री

कटनी। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार, 21 जून को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होकर योगाभ्यास करेंगे। राज्य मंत्री श्री लोधी के सत्कार व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश के अनुसार सर्किट हाउस एवं मंत्री लोधी के सहयोग हेतु हेतु कार्यपालिक तहसीलदार कटनी नगर आकाश नीरज की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि पटवारी तुलाराम वर्मा इनके सहयोगी होंगे। इसी प्रकार जिला स्तरीय कार्यक्रम में व्यवस्थाओं के संचालन हेतु तहसीलदार कटनी ग्रामीण अतुलेश सिंह को दायित्व सौंपा गया है। जहां पटवारी विनीत सिंह बघेल और धर्मेन्द्र ताम्रकार इनका सहयोग करेंगे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय में उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिये गये हैं।

वन अधिकार दावों के निराकरण हेतु विशेष कार्यशाला 23 को

कटनी। जिले में वन अधिकार दावों के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आगामी 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक चरणबद्ध एवं समयबद्ध विशेष अभियान चलाया जाना है। जिसमें 31 दिसंबर 2025 तक वन अधिकार के पूर्व के निरस्त दावों के पुनः परीक्षण कर निराकरण करने तथा नवीन दावों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 23 जून को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मंगल भवन में प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में विशेष रूप से सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (CFRR) की दावा प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस दौरान ग्रामसभा, वन अधिकार समिति, वन विभाग और राजस्व विभाग की भूमिकाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ATREE अन्वेषण संस्था के विशेषज्ञ विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कलेक्टर ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाले संबंधित ग्रामों के वन अधिकार समिति के पदाधिकारियों, वन रक्षकों और पटवारियों को इस प्रशिक्षण कार्यशाला में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के कड़े निर्देश दिए हैं।

दिव्यांगजनों के चिन्हांकन के लिये शिविर 23 जून को

कटनी। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को जबलपुर द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत 23 जून को प्रातः 10 बजे से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ऑफिसर्स क्लब (वेस्टलैंड) परिसर, कटनी में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पात्र हितग्राहियों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चयन किया जाएगा। योजना के तहत उपकरण प्राप्त करने के इच्छुक दिव्यांग जनों के पास यूडीआईडी कार्ड (न्यूनतम 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता), आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 22 हजार 500 रुपये से कम), आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आईडी की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो होना अनिवार्य है। दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित दिव्यांग जनों के लिए अतिरिक्त पात्रता शर्तों के अनुसार आवश्यक दस्तावेज भी साथ लाना होंगे। नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने सभी जनप्रतिनिधियों, वार्ड प्रभारियों एवं नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने क्षेत्र के ऐसे दिव्यांग जनों को इस शिविर की जानकारी दें जिन्हें सहायक उपकरणों की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही लाभ प्राप्त कर सकें।

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों की हर गतिविधि पर नजर

तीसरी आंख से पैनी नजरः 312 वाहन चालकों पर 1.56 लाख रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों पर तीसरी आंख से निगरानी की जा रही है। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करना, मैसेज पढ़ना, सोशल मीडिया चलाना अथवा वीडियो देखना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि हादसों का कारण भी बनता है। शहर के विभिन्न चौराहों, तिराहों एवं चिन्हित स्थलों में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे वाहन चालकों की सभी हरकतों को रिकार्ड कर रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही भी की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस कटनी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात अनुशासन स्थापित करने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग चालक की एकाग्रता को भंग कर देता है। चालक का ध्यान कुछ क्षण के लिए भी सड़क से हटने पर दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। यही कारण है कि मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना दंडनीय अपराध है।

तीसरी आंख रख रही है वाहन चालकों की हर गतिविधि पर नजर

शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निरंतर निगरानी रखे हुए हैं। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले, सिग्नल जंप करने वाले, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, ट्रिपल सवारी करने वाले एवं अन्य नियम उल्लंघनकर्ताओं की गतिविधियां कैमरों में रिकॉर्ड हो रही हैं।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी वाहन चालकों की पहचान कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसलिए यह समझना गलत होगा कि यदि मौके पर पुलिसकर्मी दिखाई नहीं दे रहा है तो नियम उल्लंघन दर्ज नहीं होगा। कटनी यातायात पुलिस की तीसरी आंख हर समय सक्रिय है।

मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई

यातायात पुलिस द्वारा 01 जनवरी 2026 से 30 मई 2026 की अवधि में वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करते पाए गए 312 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है तथा 1,56,000 रुपये का समन शुल्क/जुर्माना अधिरोपित किया गया है। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा निरंतर चेकिंग अभियान चलाकर हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, ट्रिपल सवारी, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, नो पार्किंग एवं सिग्नल जंप जैसे नियम उल्लंघनों पर भी कार्रवाई की जा रही है तथा आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया जा रहा है।

वाहन चलाते समय रखें ध्यान

वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें। आवश्यक कॉल आने पर सुरक्षित स्थान पर वाहन रोककर ही बात करें।

दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। निर्धारित गति सीमा का पालन करें। सिग्नल, लेन एवं पार्किंग नियमों का पालन करें।

स्वयं सुरक्षित रहें तथा दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

शिकायतों के निराकरण के मामले में कटनी टॉप टेन जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी टॉप टेन जिलों में शामिल है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी ने प्रथम समूह के 28 जिलों में छठवां स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा शनिवार को प्रदेश के जिलों की मई माह में सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 84.3 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर छठवां स्थान अर्जित किया है।

कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में छठवें स्थान पर रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले ने बीते मई माह में प्राप्त कुल 11 हजार 634 शिकायतों में से 50.36 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर कुल 84.3 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले करीब 17 माहों से लगातार प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है।

सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को 13वां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने मई माह में 1,034 शिकायतों में से 51.47 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को छठवां स्थान मिला है। जिला पंचायत अपने समूह में 50.1 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में तथा नगर निगम ने भी छठवें स्थान पर रहकर मई माह में प्राप्त 718 शिकायतों का निराकरण कर 54.4 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इस प्रकार जहां कटनी पुलिस ने कुल 84.72 वेटेज स्कोर हासिल किया है। वहीं जिला पंचायत ने 86.76 कुल वेटेज स्कोर और नगर निगम ने 92.83 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है। कलेक्टर ने कहा शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

गरुड़ भगवान हुए प्राण प्रतिष्ठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में भगवान श्री राधाकृष्ण के वाहन स्वरूप पक्षीराज गरुड़ भगवान की संपूर्ण वैदिक विधि विधान के साथ श्री धाम वृंदावन से उपस्थित हुए आचार्य अखिलेश चतुर्वेदी, आचार्य अंकित महाराज ,ग्राम आचार्य मुरलीधर पाठक की पवित्र उपस्थिति में संपन्न हुआ ,साथ ही मंदिर के संस्थापक परलोकवासी गोरेलाल पाठक उनकी धर्मशील अर्धांगिनी भागोता देवी, पूना देवी की प्रतिमाएं स्थापित हुई । प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में प्रति दिवस पूज्य आचार्य अखिलेश के द्वारा ब्रज के भक्तों की कथा भक्तमाल के माध्यम से गाई गई । श्रीजी संकीर्तन मंडल गोविंद देव मंदिर कटनी ,श्री हरि ओम भजन मंडल बिलहरी द्वारा दिव्य भजन संकीर्तन के साथ संपूर्ण आयोजन को रस पूर्ण बनाया गया । प्राण प्रतिष्ठा एवं भक्तमाल कथा के वर्णित यजमान के रूप में सुशीला पाठक, वाल्मिक मिश्रा ने सेवा प्रदान की। मंदिर परिवार की ओर से नवनीत चतुर्वेदी ,महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, मनोज पाठक, सत्येंद्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे, राघवेंद्र दुबे, द्वारका मिश्रा, रामसेवक तिवारी, अरुण तिवारी सहित समस्त सेवादारों की ओर से पधारे हुए श्रद्धालु जनों का अभिनंदन किया।

सिलौंडी से बसेहरा घनहन मार्ग की हालत जर्जर, बारिश में होगी परेशानी

सिलौंडी। सिलौंडी से बसेगहा घनहन मार्ग जो कि सिलौंडी सहकारी समिति से शुरू होकर बसेहरा तक लगभग 2 किलोमीटर का जर्जर हालत में है शासन प्रशासन से अनेक बार किसानों की मांग के बाद भी इस मार्ग का निर्माण कार्य नही हुआ है ।लगभग 200 किसानों के आने जाने के एक मात्र मार्ग होने से बारिश के समय पैदल आने जाने में भी बहुत बहुत दिक्कत होती है। नीरज राय , राम लाल काछी ,रविंद्र काछी ने बताया कि अनेक बार मांग और सी एम हेल्प लाइन में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है ।सिलौंडी से बसेहरा घनहन मार्ग की जर्जर हालत होने से बारिश में किसानों को होगी बहुत परेशानीसिलौंडीः सिलौंडी से बसेगहा घनहन मार्ग जो कि सिलौंडी सहकारी समिति से शुरू होकर बसेहरा तक लगभग 2 किलोमीटर का जर्जर हालत में है शासन प्रशासन से अनेक बार किसानों की मांग के बाद भी इस मार्ग का निर्माण कार्य नही हुआ है ।लगभग 200 किसानों के आने जाने के एक मात्र मार्ग होने से बारिश के समय पैदल आने जाने में भी बहुत बहुत दिक्कत होती है। नीरज राय , राम लाल काछी ,रविंद्र काछी ने बताया कि अनेक बार मांग और सी एम हेल्प लाइन में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है ।अभी तो किसी तरह मार्ग में आने जाना हो रहा है बारिश में तो पैदल आने जाने में भी बड़ी परेशानी होती है।

बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देना ही हमारा लक्ष्य

महर्षि विद्या मंदिर स्लीमनाबाद में तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण की शुरुआत हुई । प्रशिक्षण की शुरुआत जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गईं। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक होना हमारे लिए गौरव की बात है और हम बच्चो को संस्कार युक्त शिक्षा दे यही हमारा लक्ष्य होना चाहिये! गुरुदेव महर्षि महेश योगी का यही संदेश भी है। हम प्राणायाम भावातीत ध्यान एवं योग के माध्यम से शरीर के विचारो को नष्ट करे और सनातन शिक्षा प्रणाली के अनुसार बच्चो को वेद पुराण गीता रामायण उपनिषद स्मृतियां वेदांग श्रुति के बारे मे जानकारी दें एवं स्वयं भी अध्ययन करे तभी राष्ट्र हित एवं संस्कृति की सुरक्षा हो सकेगी। कार्यक्रम मे संस्था प्राचार्य प्रीति मिश्रा,राहुल मिश्रा सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

बहोरीबंद विकासखंड के स्कूलों में अपार आईडी बनाने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विद्यार्थियों का शैक्षणिक रिकार्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित ओर एक ही जगह पर उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अपार आईडी बनाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को जन शिक्षा केंद्र स्लीमनाबाद में अपार मेगा दिवस के तहत 9 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई गईं। जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। स्कूलों में छात्रों की अपार आईडी अनिवार्य कर दी गई है। अपार आइडी बनाने स्कूलों में प्रत्येक शनिवार को मेगा अपार दिवस मनाया जा रहा है जिसमें प्रत्येक छात्रों की ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री होगी। आइडी जनरेट करने 30 जून तक डेडलाइन दी गई है।

विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रशांत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को बहोरीबंद विकासखंड के स्कूलों में अपार दिवस मनाया गया!जहाँ छात्रों की अपार आईडी बनाई गई!अपार आईडी छात्रों के लिए उपयोगी है। इस आईडी से छात्रवृति, प्रवेश एवं सरकारी योजनाओं में सहायक होने के साथ ही कहीं भी कभी भी उपयोगी होगी है।

बीआरसी बहोरीबंद प्रशांत मिश्रा का कहना है कि विकासखंड के स्कूलों में 80 फीसदी छात्रों की अपर आइडी जनरेट हो चुकी है। शेष बच्चों की आइडी बनाने शासन ने प्रत्येक शनिवार को स्कूलों में अपार दिवस मनाए जाने का आदेश जारी किया है। जिसमें छात्रों को अपार आइडी जनरेट करने में सहूलियत मिलेगी । सभी स्कूलों के प्रधान पाठकों को निर्देश दिए गए हैं

बहोरीबंद में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का हुआ आयोजन

खेती को सुरक्षित और लाभकारी बनाए रखना है तो प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

कीटनाशकों एवं रसायनों के अत्यधिक प्रयोग के कारण खेतों में पाए जाने वाले मित्र कीट एवं पक्षियों की संख्या तेजी से घट रही है, पहले खेतों में बड़ी संख्या में पक्षी दिखाई देते थे, जो अब विलुप्त होने की कगार पर हैं। रासायनिक खेती का दुष्प्रभाव केवल पर्यावरण पर ही नहीं बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। लगातार बढ़ते कीटनाशक एवं खरपतवारनाशी के उपयोग से भूमि की उर्वरता कम होने तथा भविष्य में जमीन के बंजर होने का खतरा बढ़ रहा है, इस आशय की बात कृषि कल्याण वर्ष के तहत कृषि विभाग द्वारा बहोरीबंद में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला में कही।

विधायक प्रणय पांडेय ने किसानो से कहा प्राकृतिक खेती, जैविक उपायों एवं परंपरागत कृषि पद्धतियों को अपनाना चाहिए क्योकि रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से खेती की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है तथा मिट्टी की उर्वरक क्षमता लगातार कम होती जा रही है, उन्होने कहा आधुनिक खेती में रसायनों और दवाइयों पर अत्यधिक निर्भरता ने कृषि को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने किसानों से जीवामृत एवं अन्य प्राकृतिक उपायों को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा यदि खेती को सुरक्षित और लाभकारी बनाए रखना है तो प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "चलो खेत की ओर" आह्वान का उल्लेख करते हुए खेती को बचाने और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किए जाने की बात भी कही। उन्होने कहा सरकार किसानों की आय बढ़ाने एवं बेहतर उत्पादन के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन टिकाऊ खेती के लिए प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है। किसानों से रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर पर्यावरण अनुकूल कृषि की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।कृषि विभाग की ओर से एसएडीओ अमर सिंह एमा द्वारा प्राकृतिक खेती की तकनीकों, जैविक आदानों के उपयोग तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियो पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के तहत किसानों को कोदो -कुदकी का बीज वितरण किया गया।

इंदरा आवास योजना के आवासों पर किया गया था अनाधिकृत कब्जा

अनाधिकृत कब्जा करने वाले 12 व्यक्तियों पर ननि ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की महत्वाकांक्षी आईएचएसडीपी योजना के अंतर्गत नगर निगम कटनी द्वारा विभिन्न बस्तियों में निर्मित कराए गए आवासों से अनधिकृत कब्जे धारियों को हटाकर पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के लिए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शनिवार को प्रभावी कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा पडरवारा स्थित चांदमारी बस्ती में जांच के दौरान इंदिरा आवास योजना के आवासों पर अपात्र व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत रूप से कब्जा किया जाना पाया गया। जिस पर नियमानुसार नोटिस एवं विधि सम्मत प्रक्रिया के पश्चात उक्त सभी 12 आवासों को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए वास्तविक पात्र हितग्राहियों को आवंटन हेतु खाली कराया गया है।

जबरन पाया गया कब्जा

निगम अधिकारियों की टीम द्वारा उक्त आवास के संबंध में स्थलीय सत्यापन किया गया था। सत्यापन में स्पष्ट हुआ कि आवास आबंटन के पश्चात मूल हितग्राही द्वारा आवास का उपयोग नहीं पाए जाने तथा 12 अपात्र व्यक्तियों द्वारा बलपूर्वक कब्जा करना पाया गया, जो इंदिरा आवास योजना के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। जिस पर निगम प्रशासन द्वारा प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने समुचित अवसर प्रदान करने के उपरांत संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर निगम प्रशासन द्वारा शनिवार को योजना के नोडल अधिकारी सुनील सिंह, अतिक्रमण अधिकारी मानेंद्र सिंह की उपस्थिति में पुलिस बल की सहायता से उक्त 12 आवासों को खाली कराने की कार्यवाही की गई।

अब पात्र हितग्राहियों को मिलेगा वास्तविक लाभ

निगम प्रशासन ने बताया कि इंदिरा आवास योजना का उद्देश्य आवासहीन गरीब एवं पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। अनधिकृत कब्जे के कारण वर्षों से वंचित रह गए पात्र हितग्राहियों की सूची का पुनः सत्यापन कराकर उन्हें शीघ्र आवास आवंटित किए जाएंगे।

सभी आवासों का हो रहा भौतिक सत्यापन

नगर निगम कटनी द्वारा शहर में इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत निर्मित समस्त आवासों का चरणबद्ध भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। यदि कोई अन्य आवास भी अनधिकृत रूप से कब्जा धीन पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार भवन खाली करने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यवाही का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजना का लाभ वास्तविक हकदार तक पहुंचाना है।

आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों को कराया जा रहा योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। जिले के 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग प्रशिक्षकों एवं योग सहायकों द्वारा ऑनलाइन कॉमन योग प्रोटोकॉल के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है। 11 मई से प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे इन अभ्यास सत्रों का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। अब तक लगभग 7 हजार लोग योगाभ्यास से जुड़ चुके हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन के तहत 21 जून, रविवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर, कटनी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "योगा फॉर हेल्दी एजिंग" रखी गई है, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। जिला आयुष अधिकारी आशीष रेजा ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं।

खबर संक्षेप

सट्टा खिलाने वाले युवक को किया गिरफ्तार

कटनी। बिलहरी चौकी पुलिस ने ने मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम करहिया कला में दबिश दी। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सट्टा पट्टी काटकर अवैध सट्टा संचालित कर रहा है।पुलिस टीम के मौके पर पहुंचते ही आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संजू उर्फ संजय सनोड़िया (42) निवासी करहिया कला, थाना कुठला बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 सट्टा पट्टियां, 1 डॉट पेन एवं 310 रुपये नकद बरामद किए गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, चौकी प्रभारी सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संतोष कुमार प्रजापति, आरक्षक लव उपाध्याय एवं सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी की भूमिका रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की हुई मौत

कटनी। मदन मोहन चौबे वार्ड में किराये के मकान में रह रही एक 23 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मृतिका सेजल नोनिया लगभग 23 वर्ष पिछले करीब तीन माह से वार्ड में किराये के मकान में रह रही थी तथा एक निजी अस्पताल में कार्यरत थी। बताया जा रहा है कि बीती रात वह ड्यूटी समाप्त कर अपने कमरे पर लौटी थी। सुबह जब मकान मालिक एवं पड़ोसियों ने पानी भरने के लिए आवाज लगाई तो काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर तत्काल पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

हाईवे में अनियंत्रित वाहन पलटने से 6 व्यक्ति हुये घायल

कटनी। स्लीमनाबाद क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 पर शुक्रवार रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे यात्रियों से भरा एक तूफान वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित करीब 6 लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, तूफान वाहन एमपी 35 बीए 0871 पन्ना जिले से एक परिवार और उनके रिश्तेदारों को लेकर कटनी में आयोजित सगाई समारोह में शामिल होने जा रहा था। शुक्रवार रात करीब 9 बजे भेड़ा टेक स्थित फोरलेन बायपास के पास चालक तेज रफ्तार वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर स्लीमनाबाद थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला। सभी घायलों को एम्बुलेंस और सरकारी वाहनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद पहुंचाया गया।डॉक्टरों के अनुसार कुछ घायलों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती किया गया है। फिलहाल सभी घायलों की हालत नियंत्रण में बताई जा रही है।

ताला तोड़कर दुकान से 80 हजार की सामग्री कर दी पार

कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के पन्ना मोड़ स्थित एक दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। फरियादी राहुल जगवानी 37 वर्ष निवासी बंगला लाइन, माधवनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 जून की दरमियानी रात अज्ञात चोर उनकी दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और मशीनरी के पार्ट्स, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर तथा वाईफाई मॉडम राउटर चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 80,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कलेक्टर ने कहा होटलों, ढाबों एवं औद्योगिक इकाईयों में करें औचक निरीक्षण

बच्चों के कंधों पर न हो बोझ, बाल श्रम के मामलों में सख्त कार्यवाही के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाय। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला बाल एवं किशोर श्रम टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने बाल श्रमिकों की पहचान, बचाव एवं दोषी नियोजकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की हिदायत दी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी बच्चे का स्थान कारखानों, दुकानों या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नहीं, बल्कि स्कूल और परिवार के सुरक्षित वातावरण में होना चाहिए। उन्होंने जिले में बाल श्रम के विरुद्ध व्यापक और परिणाममूलक अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि बाल श्रम के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।

औचक निरीक्षणों से होगी पहचान

कलेक्टर ने श्रम विभाग, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा और अन्य संबंधित विभागों के संयुक्त दल गठित कर शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों के होटल, ढाबों, कार्यशालाओं, औद्योगिक इकाइयों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी बाल श्रमिक पाए जाएं, वहां तत्काल वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जागरूकता के लिये चलेगा मिशन

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाए। इसके लिए विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए लोगों को बाल श्रम कानून और उसके दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी जाए।, ताकि समाज स्वयं इस बुराई के खिलाफ जागरूक होकर सहयोग कर सके। बैठक में बताया गया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रतिबंधित कार्यों में नियोजित करना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में दोषी नियोजक पर 20 हजार से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना, 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों प्रकार के दंड का प्रावधान है।

समिति के सचिव एवं श्रम पदाधिकारी के.बी. मिश्रा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बाल श्रम कानून के विभिन्न प्रावधानों, टास्क फोर्स की भूमिका तथा बचाव एवं पुनर्वास की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई की रणनीति पर भी चर्चा हुई।बैठक के में कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन का अधिकार है। प्रशासन का लक्ष्य केवल बाल श्रमिकों को मुक्त कराना नहीं, बल्कि उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा और बेहतर भविष्य से जोड़ना है। उन्होंने सभी विभागों को समन्वित प्रयासों के माध्यम से ₹बाल श्रम मुक्त कटनी₹ के लक्ष्य को साकार करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी वनश्री कुर्वेती, जिला शिक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष योगेश बघेल, लीड बैंक मैनेजर, श्रम निरीक्षक रमाकांत लोधी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उर्वरक की कालाबाजारी की जानकारी देने पर 1 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अवैध उर्वरक विक्रय, भंडारण, कालाबाजारी एवं नकली व मिलावटी उर्वरकों के निर्माण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा "सूचना दाता प्रोत्साहन योजना" शुरू की गई है। इस योजना के तहत उर्वरकों से जुड़ी अवैध गतिविधियों की सूचना देने वाले सूचनादाताओं को 1 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

योजना का मुख्य उद्देश्य न केवल उर्वरकों से संबंधित अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना, नकली एवं मिलावटी उर्वरकों के निर्माण और वितरण को समाप्त करना है। बल्कि आम नागरिकों और किसानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भी मजबूती मिलेगी। यह योजना 30 सितम्बर 2026 तक पूरे प्रदेश में लागू रहेगी।

योजना के तहत कोई भी नागरिक, किसान या व्यापारी बिना लाइसेंस के उर्वरक विक्रय, निर्धारित सीमा से अधिक भंडारण, कालाबाजारी, नकली एवं मिलावटी उर्वरकों के निर्माण व विक्रय, अनुदानित उर्वरकों के औद्योगिक उपयोग की सूचना दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। बिना अनुमति किसी भी स्तर पर उसकी जानकारी उजागर नहीं की जाएगी।

सूचना देने के लिए सी.एम. किसान हेल्पलाइन नंबर 155253 पर कार्यालयीन समय (सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक) कॉल करना होगा। सूचना में स्थान, समय, संबंधित व्यक्ति या संस्था का नाम-पता तथा उपलब्ध साक्ष्य (फोटो, वीडियो या दस्तावेज) देना आवश्यक होगा। साथ ही प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने हेतु सूचनादाता को अपने बैंक खाते का विवरण भी देना होगा। प्राप्त सूचना के आधार पर संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा गठित टीम, जिसमें उर्वरक निरीक्षक की उपस्थिति अनिवार्य होगी, जांच कर कार्यवाही करेगी। सूचना सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। योजना के अंतर्गत सफल कार्यवाही (जब्ती या दोष सिद्ध होने पर) प्रति सूचना 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि जिला कलेक्टर द्वारा स्वीकृत कर 30 कार्य दिवसों के भीतर संबंधित सूचनादाता के बैंक खाते में जमा कराई जाएगी।

योजना के नोडल अधिकारी जिला स्तर पर उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग होंगे। योजना की नियमित निगरानी और समीक्षा की जाएगी।

1737 टीकाकरण बूथ, 27 मोबाइल टीम, 75 ट्रांजिट बूथ किये तैयार

28 जून को जिले के 1.73 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के संकल्प के साथ 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का व्यापक आयोजन किया जाए। अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी 1 लाख 73 हजार 737 बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाई जाये।

यह निर्देश कलेक्टर आशीष तिवारी ने पोलियो अभियान के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं और इसके लिए तैयार कार्ययोजना की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे रविवार 28 जून को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। पोलियो उन्मूलन के राष्ट्रीय अभियान में जनसहभागिता ही इसकी सबसे बड़ी सफलता है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले की करीब 16 लाख की आबादी के 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दवा पिलाने के कार्य की शत-प्रतिशत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश के बाद अभियान के सफल संचालन के लिए जिले के 6 विकासखंडों, 1 जिला चिकित्सालय, 1 सिविल अस्पताल, 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 80 सेक्टर एवं 187 उप स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य अमला सक्रिय रहेगा।

पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिले में कुल 1670 स्थायी बूथ स्थापित किए जाएंगे, जिनमें 288 शहरी और 1382 ग्रामीण क्षेत्र के बूथ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दूरस्थ क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और आवागमन वाले प्रमुख स्थानों पर 75 ट्रांजिट बूथ तथा विशेष पहुंच वाले क्षेत्रों के लिए 27 मोबाइल टीमें तैनात रहेंगी।

3354 कर्मचारियों की तैनाती

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर अभियान को सफल बनाने के लिए 3 हजार 354 टीकाकरण कर्मियों एवं 162 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं निगरानी एवं पर्यवेक्षण के लिए चिकित्सा अधिकारियों की विशेष जिम्मेदारी तय की गई है।

अभियान के लिए 11 हजार वायल (2 लाख 20 हजार डोज) पोलियो वैक्सीन की जरूरत है।जो उपलब्ध हो गई है।वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जिले में 36 आईएलआर, 35 डीप फ्रीजर, 79 कोल्ड बॉक्स और 1700 वैक्सीन कैरियर उपलब्ध कराए गए हैं। अभियान के संचालन एवं निगरानी के लिए 43 चार पहिया और 242 दो पहिया वाहन लगाए जाएंगे, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

हस्ताक्षर अभियान चलाकर नशामुक्ति का दिलाया संकल्प

नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय चड्ढा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर कर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता बढ़ाना, समाज को नशे जैसी बुराई से मुक्त करना और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है।इस अवसर पर चड्ढा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्ढा, उप-प्राचार्य डॉ. राजीव खत्री, डॉ. स्वाति छिरौलिया, शरद निरंकारी, डॉ. आर.एस. परिहार, डॉ. आराधना अग्रहरि, डॉ. गोपाल उपाध्याय, डॉ. शैलेन्द्र वर्मा, समीप श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

आवारा मवेशियों एवं श्वानों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर क्षेत्र में नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा आवारा मवेशियों एवं श्वानों को पकड़ने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

निगम प्रशासन के निर्देशानुसार गठित टीमों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों तथा यातायात प्रभावित क्षेत्रों वेंकट लाइब्रेरी के पास, गर्ग चौराहा, मई नदी, शास्त्री कालोनी सहित नगर के अन्य स्थानों में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़कों पर विचरण कर यातायात बाधित करने वाले 13 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर निर्धारित गौशाला में पहुंचाया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 9 की साहू गली एवं वार्ड क्रमांक 14 की अशोक कालोनी, व्ही आई पी रोड, अंबेडकर वार्ड मित्र विहार कॉलोनी में अभियान चलाकर 10 आवारा श्वानों को भी पकड़कर आवश्यक एबीसी सेंटर भेजा जाकर प्रबंधन की कार्रवाई की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सड़कों पर आवारा पशुओं की उपस्थिति से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ने के साथ-साथ आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पडता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पालतू पशुओं को खुले में न छोड़ें तथा आवारा पशुओं एवं श्वानों से संबंधित जानकारी निगम को उपलब्ध कराएं, ताकि समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निगम का यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।

जुलूस मार्ग एवं मस्जिदों के आसपास सभी तरह की रहेंगी व्यवस्थाएं

मोहर्रम पर्व पर व्यवस्थाओं को लेकर आयुक्त ने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मोहर्रम पर्व के अवसर पर नगर में 26 जून तक आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों एवं जुलूस के दौरान नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने मोहर्रम पर्व के अवसर पर धार्मिक स्थलों एवं जुलूस मार्ग में नगर पालिक निगम से संबंधित संपूर्ण विभागीय व्यवस्थाओं विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई, मार्ग सुधार, अतिक्रमण नियंत्रण एवं अग्निशमन जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण कराने हेतु श्री शैलेष गुप्ता उपायुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगाई हैं।

मोहर्रम पर्व के दौरान प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों, मस्जिदों के आसपास, कर्बला पहुंच मार्ग, मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित प्राचीन करबला शरीफ गाटर घाट स्थित कर्बला पहुंच मार्ग एवं संपूर्ण मोहर्रम जुलूस मार्ग में विद्युत व्यवस्था के अंतर्गत जुलूस मार्गों एवं प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने, विद्युत तारों और केबलों की जांच कर आवश्यक सुधार करने तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को दिए गए हैं।

इसी प्रकार उक्त क्षेत्रों पर स्थित गड्ढों की मरम्मत, समतलीकरण क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार के अतिरिक्त सागर रेलवे पुल के पास कब्रिस्तान जाने वाले कर्बला पहुंच मार्ग की मरम्मत तथा आवागमन को सुगम बनाने हेतु विशेष कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश लोक निर्माण शाखा के सहायक यंत्रियों एवं उपयंत्रियों को दिए है। मोहर्रम पर्व के दौरान नगर की सुचारू स्वच्छता व्यवस्था के तहत जुलूस मार्गों, सभी धार्मिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान संचालित कर कीटनाशक दवा का छिड़काव करने, नालियों की सफाई, कचरे का नियमित उठाव तथा अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया गया है। साथ ही आवारा पशुओं एवं मवेशियों पर नियंत्रण के लिए विशेष दलों को सक्रिय रखा जाएगा, जिससे जुलूस मार्गों पर किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

मोहर्रम पर्व के दौरान जुलूस मार्गों एवं प्रमुख स्थलों पर पेयजल आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने तथा आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से शुद्ध जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने हेतु कार्यपालन यंत्री श्री सुधीर मिश्रा एवं सहयोगी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त जुलूस मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखते हुए मार्गों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के निर्देश अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह को दिए गए हैं।

डोर-टू-डोर संपर्क कर नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। निगम की सहयोगी संस्था ओम साई विजन की टीम द्वारा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छ कटनी के निर्माण का संदेश दिया जा रहा है।

अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 40 राय कॉलोनी में डोर-टू-डोर संपर्क कर रहवासियों को 4 बिन प्रणाली, घरों में कचरे के पृथक्करण तथा निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही कचरा देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा स्वच्छता संबंधी आदतों को दैनिक जीवन में अपनाने की समझाइश दी गई। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 41 समदरिया गली में विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नालियों की सफाई कर नागरिकों को नालियों में कचरा न डालने, कचरे का निर्धारित स्थान पर ही निस्तारण करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बगीचे एवं घरेलू उद्यानों से निकलने वाले जैविक कचरे के उचित प्रबंधन एवं संग्रहण की जानकारी भी प्रदान की गई।

अभियान के दौरान टीम द्वारा घर-घर जाकर प्लास्टिक की बोतलों का संग्रहण किया गया तथा नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोगों को कपड़े के थैलों का उपयोग करने एवं प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 44 प्रजापति मोहल्ला, रॉबर्ट लाइन में आरडब्ल्यूए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रहवासियों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के विभिन्न प्रकारों, स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण तथा अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में कटनी को उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए स्वच्छता संबंधी नियमों का पालन करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के निर्माण में अपना योगदान दें।

बाइक की टक्कर से युवक की मौत

कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के मतवार पड़रिया कन्हवारा रोड पर मोटरसाइकिल क्रमांक MP 21 ZA 6225 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए लछ्छू पटेल 44 वर्ष, निवासी नैनिया, थाना अमदरा, जिला मैहर को जोरदार टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में गंभीर चोट आने के कारण लछ्छू पटेल की मौत हो गई। कुठला पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

युवक से मारपीट

कटनी। बरही थाना क्षेत्र के ग्राम बिचपुरा में बीती रात करीब मारपीट की घटना हुई। फरियादी कमलेश चौधरी 23 वर्ष, निवासी ग्राम बड़छड़, के साथ आरोपी रामदास अहिरवार, बाबूलाल अहिरवार और उनके दो अन्य साथियों ने मिलकर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

5 माह से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात सिक्योरिटी गार्ड पिछले पांच माह से बिना वेतन के सेवाएं देने को मजबूर हैं। लंबे समय से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना मुश्किल हो रहा है।सिक्योरिटी गार्डों का कहना है कि वे नियमित रूप से अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं, लेकिन पिछले पांच महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है। कई बार संबंधित अधिकारियों और ठेका एजेंसी के जिम्मेदारों से भुगतान की मांग की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। गार्डों ने बताया कि वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें उधार लेकर घर का खर्च चलाना पड़ रहा है। कुछ कर्मचारियों के सामने बच्चों की फीस जमा करने और घरेलू जरूरतों को पूरा करने की भी समस्या खड़ी हो गई है। आर्थिक तंगी के बावजूद वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि शिकायत और मांग पत्र देने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

उनका कहना है कि यदि जल्द ही बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। सिक्योरिटी गार्डों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से हस्तक्षेप कर शीघ्र वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सके और वे बिना तनाव के अपनी सेवाएं दे सकें।

खास बातें

प्रदेश संयोजक श्याम निषाद का आगमन आज

दमोह। भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद एक दिवसीय प्रवास पर दिनांक 21/06/2026 की सुबह 11 बजे सड़क मार्ग से दमोह पहुंचेंगे जहां पर वह दोपहर 12 बजे स्थानीय गार्ड लाईन में स्वजातीय बंधुओं के साथ बैठक, दोपहर 01 बजे माझी समाज के वरिष्ठ नंदकुमार रायकवार के निवास पर सौजन्य भेंट, दोपहर 02:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय, दोपहर 03:30 बजे बांदकपुर में भगवान जागेश्वरनाथ जी के दर्शन, शाम 05-07 बजे तक समय रिजर्व, रात्रि 08 बजे वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। समस्त स्वजातीय बंधुओं से गार्ड लाईन में आयोजित बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

संजय नगाइच 24 को पन्ना आएंगे समर्थकों द्वारा किया जाएगा जोरदार स्वागत

पन्ना। मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता संजय नगाइच पहली बार अध्यक्ष बनने के बाद24 जून को पन्ना आएंगे । उनके पन्ना जिला प्रथम आगमन पर जिले भर में भाजपा कार्यकर्ता तथा समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। गौर तलब है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा संजय नगाइच को वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है जिससे उनका राजनीतिक कद बढ़ा है तथा जिले में राजनीतिक सर गर्मी तेज हो गई है पन्ना जिले में सत्ताधारी भाजपा दो गुटो में बटी हुई है। जिसमें एक गुट संजय नगाइच गुनौर विधायक राजेश वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव आदि प्रतिनिधित्व करते हैं तथा दूसरे गुट में पन्ना विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह सांसद बीडी शर्मा भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा आदि शामिल है।

लालटेक क्षेत्री से वापस लौटी पोकलेन मशीन

निजी जमीन के लिए रास्ता बनाने पहुंचे बुलडोजर का रहवासियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर के शास्त्री वार्ड स्थित लालटेक क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जब एक पोकलेन मशीन वहां पहुंचकर कथित रूप से मकानों को हटाने की तैयारी करने लगी। इसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र के रहवासी विरोध में धरने पर बैठ गए और बिना वैधानिक प्रक्रिया के किसी भी प्रकार की कार्रवाई का विरोध किया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे पिछले लगभग 20 वर्षों से यहां निवासरत हैं। कुछ दिनों पूर्व उनसे आधार कार्ड की प्रतियां ली गई थीं और बताया गया था कि उन्हें अन्यत्र आवास उपलब्ध कराया जाएगा। हालांकि मौके पर कोई प्रशासनिक अधिकारी या लिखित आदेश नहीं होने के कारण लोगों ने मकान खाली करने से इनकार कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सूचना मिलने पर शास्त्री वार्ड के पूर्व पार्षद जगत पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने रहवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि जब तक कोई वैधानिक आदेश प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब तक कोई भी व्यक्ति अपना मकान खाली न करे। वहीं शुभम शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और कहा कि बिना नोटिस तथा बिना किसी शासकीय प्रयोजन के मकानों को तोड़ने का प्रयास उचित नहीं है और इसका विरोध किया जाएगा।मौके पर मौजूद पोकलेन चालक भी यह स्पष्ट नहीं कर सका कि कार्रवाई किसके

निर्देश पर और किस उद्देश्य से की जा रही है। इस संबंध में जब नगर पालिका के सीएमओ राजेन्द्र खरे से चर्चा की गई तो उन्होंने ऐसी किसी कार्रवाई की जानकारी होने से इंकार किया। वहीं आधार कार्ड एकत्रित करने वाले इंजीनियर आवेश बड़गैया ने बताया कि क्षेत्र में स्थित लालचंद खटीक की लगभग चार एकड़ भूमि तक पहुंच मार्ग बनाए जाने के उद्देश्य से मशीन भेजी गई थी। घटना के बाद क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी निजी भूमि के लिए रास्ता बनाया जाना है तो उसके लिए नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। दूसरी ओर रहवासियों ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था और वैधानिक कार्रवाई के किसी भी प्रकार का अतिक्रमण हटाने का विरोध किया है।

फिलहाल विरोध के चलते पोकलेन मशीन को वापस लौटना पड़ा। लालटेक क्षेत्र में निवासरत घुमक्कड़ समुदाय के पुनई बाई आदिवासी, लखन पटेल, दीना पटेल, प्रदीप पटेल, पप्पू पटेल, टिक्कू पटेल एवं सियारानी वर्मन सहित अन्य लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें हटाने का प्रयास किया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

अवैध स्थान पर संचालित शराब दुकान का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

जबेरा में विगत दिवस भगवती मानव कल्याण संगठन के नेतृत्व में ग्राम वासियों के द्वारा कलेक्टर महोदय एवं पुलिस अधीक्षक दमोह को एसडीम महोदय के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में मांग की गई है कि जबेरा तालाब के समीप मुख्य मार्ग पर नियम विरुद्ध एवं निर्धारित स्थान से हटकर शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है। बताया जाता है कि जबेरा की शराब दुकान के ठेकेदार गोविंद भायल है जो अपने निर्धारित स्थान पर दुकान संचालित नहीं कर रहे है।अन्य जगह पर संचालित है इस दुकान के लिए जबेरा बाईपास तिराहा से संग्रामपुर की ओर एचपी पेट्रोल पंप तक का स्थान दिया गया है जहां पर यह दुकान नहीं खोली गई है, दुकान बजरंगबली मंदिर के पास बस्ती बसाहट के पास संचालित की जा रही है जहां से प्रतिदिन स्कूलों के छात्र-छात्राएं निकलते हैं , तथा यह दमोह जबलपुर मुख्य मार्ग है जिस कारण से इस स्थान पर आवागमन बाधित होता है। यह दुकान ऐसी जगह पर खोली गई है जो की पूर्णत अवैध एवं ग्राम वासियों की परेशानी का कारण बनी हुई है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि तुरन्त ही ठेकेदार एवं आबकारी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए जिन्होंने अवैध दुकान खोलने की अनुमति प्रदान की है। यदि सात दिवस के अंदर उक्त ज्ञापन पर उचित कार्यवाही नहीं की जाती है तो समस्त ग्राम वासियों एवं महिला मंडल के द्वारा शांतिपूर्वक धरना

दमोह पुलिस की तत्परता से डेढ़ वर्षीय बालक सकुशल बरामद

दमोह। थाना हटा क्षेत्र में एक डेढ़ वर्षीय बालक को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल दस्तयाब कर उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जून 2026 की रात करीब 11:30 बजे डायल-112 भोपाल को सूचना मिली कि एक व्यक्ति शराब के नशे में अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र को घर से ले गया है और पत्नी को फोन पर लगातार धमकियां दे रहा है।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में थाना हटा पुलिस, डायल-112, पुलिस कंट्रोल रूम एवं साइबर सेल सक्रिय हुए। एफआरवी-06 टीम को तत्काल रवाना किया गया। समन्वित प्रयासों से पुलिस ने पिता और बालक का पता लगाकर उन्हें खोज निकाला। बालक पूरी तरह सुरक्षित मिला, जिसके बाद उसे उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मासूम बालक सुरक्षित अपने परिजनों तक पहुंच सका।

मुहम्मद सामी नगर मुहर्रम पर्व इंतजामियां कमेटी के अध्यक्ष बने

हिण्डोरिया। हजरत इमाम हुसैन रजि. एवं शहीदाने करबला वालों की अजीमुश्शान कुरबानी की याद मे पूरे विश्व मे मुस्लिम भाईयों व्दारा मनाये जाने वाला मुहर्रम पर्व नगर हिण्डोरिया मे आगामी 26 जून 2026 को आपसी सदभाव की वर्षों पुरानी परंपरा एवं शासन-प्रशासन की गाइड लाईन का पालन करते हुये मनाया जायेगा। इस समबन्ध मे मीडिया प्रभारी सुजात खान ने बताया कि उक्त मुहर्रम पर्व के सफल संचालन के लिए सर्व सहमति से एक मोहर्रम पर्व इंतजामियां कमेटी का गठन किया गया है । जिसमें सदर शमीम खान उर्फ मोहम्मद शामी को बनाया गया है। जबकि नायब सदर मुबारक राजा नूरी, फहीम सेठ, सचिव शहजाद कुरेशी, उवैस खान, कोषाध्यक्ष तैय्युब अली, हबीब राजा चौहान को नियुक्त किया गया है। संरक्षण मंडल में जामा मस्जिद सदर हाजी नबाब खान, एम एम राही, शाकिर मसीहा, वली मुहम्मद,पार्षद प्रतिनिधि शेख असीम, सानू ऑल राउंडर, शेख हुसैन सेठ, रहीस खान, कलीम भोपाली,अकील पठान साजिद खान उस्ताद,कय्यूम खान, अरबाज खान सहित मुस्लिम समाज के सभी जवाबदारी भाइयों को रखा गया है। सदर मुहम्मद सामी ने बताया कि 25 जून 2026 की रात्रि में सभी बडे.ताजिया, जहूरा, बुर्राक शहर गस्त कर नियत मकानों पे रखे जाएंगे। 26 जून 2026 को दिन भर न्याय फातेहा होगी। एवं रात्रि में ताजिया-अखाड़ा जुलूस नियत प्रमुख मार्गों पर निकाला जाएगा। सभी ताजिया-जहूरा जमादार तालाब में विसर्जित होंगे। इंतजामियां कमेटी ने सभी हजरात से प्रोग्राम को कामयाब बनाने की गुजारिश की है।

श्रुत पंचमी पर जैन मिलन पटेरा शाखा ने किया आयोजन

पटेरा। श्री बड़े बाबा हैं मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर के तत्वाधान में श्रुत पंचमी पर्व पर उत्साह पूर्वक श्री पारसनाथ सेठ मंदिर पटेरा में स्वाध्याय भवन की साफ सफाई कर शास्त्रों पर कवर चढ़ाकर व्यावृत्ति की गई। उस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र राही, राजेंद्र जैन, राजेश सेठ, सक्रिय रहे। कुंडलपुर के शिखर मंदिर में गोकलचंद जैन एवं कोमलचंद ने स्वाध्याय भवन की सफाई कर शास्त्रों को सुसज्जित किया जिससे यात्रियों ने भी सहभागिता निभाई। सभी ने श्रुत पंचमी पर णमोकार मंत्र की जाप भी दी। शाम को कुण्डलपुर के बड़े बाबा मंदिर परिसर में उपस्थित यात्रियों को शाखा के धार्मिक मंत्री पं अनिल शास्त्री ने श्रुत पंचमी का महत्व बतलाते हुए णमोकार मंत्र की जाप कराई। करीब 70 से अधिक लोगों ने सहभागिता निभाई। शाखा के सभी सदस्यों ने परिवार के साथ 227 से अधिक जाप दी। जाप देने व कार्यक्रम को सक्रिय रूप देने में अध्यक्ष राजेन्द्र राही, मंत्री राजेन्द्र बजाज, निर्मल जैन, अमित जैन सहित सभी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। सकल समाज द्वारा निकाली गई शास्त्रों को शोभायात्रा में भी सभी ने सहभागिता निभाई।

मंत्री लोधी का नया प्रयोगः नोहटा में हर शनिवार होगी विशेष जनसुनवाई

बनवार। क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए स्थानीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने एक नई पहल की शुरुआत की है। इसके तहत उनके गृह मुख्यालय नोहटा स्थित निज कार्यालय में प्रत्येक शनिवार विशेष जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। मंत्री लोधी ने बताया कि वे पूर्व से ही प्रतिदिन आमजन की समस्याएं सुनते आ रहे हैं, लेकिन इस प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से सप्ताह में एक दिन विशेष जनसुनवाई निर्धारित की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत हर शनिवार प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आमजन की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा मौके पर ही उनके निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। शनिवार को आयोजित पहली जनसुनवाई में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 20 से अधिक लिखित आवेदन प्राप्त हुए, जबकि अनेक लोगों ने मौखिक रूप से भी अपनी समस्याएं रखीं। मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामलों का तत्काल समाधान भी किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सी.जी. गोस्वामी, जनपद सीईओ डॉ. आर.पी. पटेल, जबेरा एवं तेंदूखेड़ा के सीईओ मनीष बागरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और जनसमस्याओं के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभाई।

मुहर्रम पर्व को लेकर थाना रनेह में शांति समिति की बैठक आयोजित

रनेह। पुलिस अनुविभाग हटा अंतर्गत आने वाले थाना रनेह में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने संबंधित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन में थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने जनप्रतिनिधियों, ताजिया समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों से आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सहयोग की भावना के साथ मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर अपुष्ट या भ्रामक जानकारी साझा करने से बचें। साथ ही मुहर्रम के दौरान शासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का अपील की। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में सहायक उप निरीक्षक मुफीस अहमद, प्रधान आरक्षक केवल नारायण मिश्रा, आरक्षक श्रीराम प्रजापति, हर्ष पटेल सहित जनप्रतिनिधि, ताजिया समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सल्फास के उपयोग में बरतें सावधानी लापरवाही बन सकती है जानलेवा - कलेक्टर

दमोह। जिले में हाल ही में हुई दो दुखद घटनाओं के बाद कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सल्फास के उपयोग को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की, उन्होने नागरिकों एवं किसानों से आग्रह करते हुए कहा सल्फास अत्यधिक जहरीला पदार्थ है, जिसका उपयोग बेहद सावधानी के साथ किया जाना चाहिए।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कई बार किसान या आमजन सल्फास को अनाज भंडारण के दौरान उपयोग में लाते हैं, लेकिन इसकी खतरनाक प्रकृति को नजरअंदाज कर देते हैं। उन्होंने कहा सामान्यतः एक छोटा पाउच एक क्विंटल अनाज के लिए पर्याप्त होता है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि लोग एक ही बोरी में पूरा पाउच डाल देते हैं, जिससे इसकी मात्रा आवश्यकता से अधिक हो जाती है।

उन्होंने कहा अधिक मात्रा में सल्फास से अत्यधिक फॉस्फीन गैस निकलती है, जो अत्यंत जहरीली होती है और मानव जीवन के लिए प्राणघातक साबित हो सकती है। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सल्फास को बच्चों की पहुंच से दूर रखें तथा उपयोग के दौरान निर्धारित मानकों और सुरक्षा उपायों का पालन करें।

उपसंचालक कृषि जे.एल प्रजापति ने बताया कि किसानों एवं भंडारणकर्ताओं को सूचित किया गया है कि सल्फास (एल्यूमिनियम फॉस्फाइड) अत्यंत विषैला रसायन है, जिसका उपयोग केवल सावधानीपूर्वक एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाए। सल्फास (एल्यूमिनियम फॉस्फाइड) के उपयोग को लेकर जारी दिशा-निर्देश

सल्फास के प्रयोग के दौरान केवल प्रशिक्षित व्यक्ति ही कार्य करें तथा दस्ताने, मास्क/रेस्पिरेटर, सुरक्षात्मक चश्मा एवं उपयुक्त कपड़ों का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। फ्यूमिगेशन से पहले गोदाम, बोरियों एवं अनाज के ढेर को अच्छी तरह सील किया जाए ताकि विषैली गैस बाहर न निकल सके। उपचारित क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति अथवा पशु का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रखा जाए एवं चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।

सल्फास नमी के संपर्क में आने पर अत्यंत विषैली फॉस्फीन गैस उत्पन्न करता है, इसलिए इसे सूखी एवं सुरक्षित जगह पर संग्रहित किया जाए तथा पानी से दूर रखा जाए। दवा को भोजन सामग्री, पशुचारे एवं पेयजल से अलग सुरक्षित स्थान पर रखा जाना चाहिए। दवा का उपयोग केवल लेबल एवं सरकारी निर्देशों के अनुसार निर्धारित मात्रा में ही किया जायें। निर्धारित मात्रा से अधिक सल्फास पाउच का उपयोग न किया जाये तथा सल्फास की प्रतिबंधित टेबलेट का उपयोग बिल्कुल न करें।

रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर होगा कार्यक्रम

मंत्री ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री तथा जबेरा विधायक श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जबेरा विधानसभा अंतर्गत स्थित खेल स्टेडियम सिंग्रामपुर में आगामी 24 जून को महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के पश्चात मंत्री श्री लोधी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती जी का बलिदान साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है, इसलिए कार्यक्रम का आयोजन उनकी गौरवशाली विरासत के अनुरूप भव्यता एवं श्रद्धा के साथ किया जाए। 24 जून को आयोजित होने वाले बलिदान दिवस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे तथा उनके अद्वितीय शौर्य एवं बलिदान का स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जनपद सीईओ, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन, सत्येंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

महिला जैन मिलन नेमीनगर शाखा की मासिक बैठक संपन्न

दमोह। जैन मिलन महिला नेमीनगर शाखा क्षेत्र क्रमांक-10 की मासिक बैठक वीरांगना रोशनी जैन के निवास पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान महावीर की प्रार्थना के साथ हुआ।बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष अति वीरांगना कविता ऋषभ जैन के संदेश एवं निर्देशन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक और पॉलिथीन का उपयोग बंद करना आवश्यक है, क्योंकि यह आसानी से नष्ट नहीं होती और पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रदूषित करती है।उनके निर्देशन के अनुसार शाखा की सभी बहनों ने जनजागरूकता अभियान चलाते हुए उदय जनरल स्टोर पर ग्राहकों को कपड़े की थैलियों का वितरण किया तथा प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

105 वर्षीय बुजुर्ग से बस में अभद्रता, यात्रियों में आक्रोश; कार्रवाई की मांग तेज

पन्ना। जिले में एक निजी बस में 105 वर्षीय बुजुर्ग के साथ कथित अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है, जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के खरौनी क्षेत्र से अपने रिश्तेदारों से मिलकर लौट रहे 105 वर्षीय धन्नी लोधी अजयगढ़ से चंदला जाने के लिए माँ शारदा ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 35 पी 0331 में सवार हुए थे। बताया गया है कि वृद्ध ने बस कंडक्टर को जनसुनवाई शिविर का एक पत्र दिखाया, जिसमें किराए में छूट देने संबंधी अनुरोध अंकित था तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा उसे अग्रेषित भी किया गया था। आरोप है कि कंडक्टर ने पत्र को नजरअंदाज करते हुए बुजुर्ग के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें बस से नीचे उतारने की धमकी तक दे डाली। घटना के दौरान बस में मौजूद अन्य यात्रियों ने बुजुर्ग के समर्थन में विरोध दर्ज कराया और कंडक्टर के व्यवहार पर नाराजगी जताई।

बेला पुरवा व मंगोला हाई स्कूल में रोपे पौधे

बटियागढ़। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलापुरवा परिवार एवं लक्ष्य फाउंडेशन दमोह के प्रांत प्रचारक रूपेन्द्र सिंह द्वारा शिक्षक नोनेलाल साहू के जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर तथा पीएम श्री हाई स्कूल मंगोला में 10 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान कदम, गुलमोहर, कटहल, बरगद, पीपल एवं अशोक सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलापुरवा के प्राचार्य के.के. पटेल, पीएम श्री हाई स्कूल मंगोला के प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह राजपूत, पीएलवी रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि लक्ष्य प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लोगो को उनके जन्म दिन पर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित करता है जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेला पुरवा पीएमश्री हाई स्कूल मंगोल के साथ आने से रूपेन्द्र सिंह ने खुशी जाहिर की है और बताया कि लक्ष्य दमोह महापुरुषों के जन्म दिन पर वृक्षारोपण करने के साथ 1 जुलाई को लक्ष्य के राष्ट्रीय संरक्षक अमरपाल सिंह लोधी आईआरएस के जन्म दिन पर भी वृक्षारोपण करता है इस अवसर पर लक्ष्य दमोह के सदस्य तथा दोनों विद्यालयों के शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि भविष्य में अपने तथा अपने प्रियजनों के जन्मदिवस पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय वृक्षारोपण कर प्रकृति को समर्पित उत्सव मनाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित करने का सतत प्रयास है।

महाराणा प्रताप जयंती पर नगर में निकली शौर्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हटा नगर में बुधवार को राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ नगर में धूमधाम से भव्य शौर्य यात्रा निकालकर मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में क्षत्रिय राजपूत समाज का एकत्रीकरण हुआ जहां दद्दा कला मंच पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अद्वितीय पराक्रम, राष्ट्रभक्ति और त्याग को नमन कर याद किया गया जहां वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के त्याग, पराक्रम और स्वाभिमानपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त कर उनके जीवन चरित्र और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान का स्मरण किया गया। इसके उपरांत मंच पर प्रतिभावान बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई।

नगर में निकाली भव्य शौर्य यात्रा

शौर्य यात्रा का शुभारंभ दादा कला मंच प्रांगण से रतन बजरिया से होते हुए बड़ा बाजार मंदिर मस्जिद चौराहा राय चौराहा होते हुए तीन बत्ती तिगडडा चंडी जी रोड से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। चल समारोह में शामिल युवाओं द्वारा हैरत अंगेज करतब दिखाते हुए चल रहे थे। वहीं राजपूत क्षत्रिय महासभा के युवा एवं युवतियां पारंपरिक रूप से साफा बांधे हुए चल समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे। वहीं महिलाएं भी पारंपरिक रजवाड़ी परिधान पहने चल समारोह में शामिल रहीं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जय शिवा सरदार और जय महाराणा प्रताप के जयघोष लगाकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। इस दौरान शौर्य यात्रा का नगर में जगह जगह नागरिकों, संस्थाओं, संगठनों ने स्वागत किया। शौर्य यात्रा में हटा, बटियागढ़, पटेरा ब्लॉक एवं दमोह से राजपूत समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति रही। शोभायात्रा के समापन पर अयोजन समिति ने कार्यक्रम में पधारे समाज के लोगो का आभार व्यक्त किया।

खास बातें

विश्व योग दिवस पर जिले में भव्य आयोजन आज

दमोह। जिले में 21 जून रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम प्रातः 6 बजे प्रारंभ होगा और सुबह 7:45 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन भी लाइव प्रसारण के जरिए उपस्थित लोगों द्वारा देखा व सुना जाएगा।

मलेरिया रथ के माध्यम से जन जागरूकता अभियान तेज

दमोह। मलेरिया निरोधक माह जून के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अठ्या के निर्देशन में जिला मलेरिया विभाग द्वारा मलेरिया एवं डेंगू जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, इसी क्रम में जबेरा ब्लॉक के जबेरा शहरी क्षेत्र सहित घाना, माला, रोड़, बनवार, कुलुआ, साखा एवं नोहटा आदि ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया रथ के माध्यम से भ्रमण कर माईक द्वारा आमजन को मलेरिया से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। अभियान के दौरान लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने, पानी का ठहराव रोकने एवं मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

आज होगी नीट परीक्षा, तीन परीक्षा केंद्रों पर 1147 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित NEET UG 2026 परीक्षा का आयोजन आज 21 जून 2026 को दमोह के तीन परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा के सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं, जिले में निर्धारित तीन परीक्षा केंद्रो में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव पीजी कॉलेज दमोह शामिल है। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र में प्रवेश का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा दोपहर 02 बजे से सायं 5:15 बजे तक आयोजित होगी। दिव्यांग परीक्षार्थियों को एनटीए के नियमानुसार अतिरिक्त समय की सुविधा प्रदान की जाएगी। सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने साथ प्रवेश पत्र में संलग्न पोस्टकार्ड साइज फोटो तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से लेकर आएं। परीक्षा केंद्र पर पेन उपलब्ध कराए जाएंगे। परीक्षार्थी पारदर्शी पानी की बोतल साथ ला सकते हैं। प्रशासन एवं एनटीए द्वारा परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि परीक्षा केंद्र पर आने से पूर्व प्रवेश पत्र में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ लें तथा समय का विशेष ध्यान रखें।

जिले में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 1147 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सभी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है।

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि परीक्षार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों के बैठने हेतु अलग से टेंट लगाए जा रहे हैं। वहां चाय-पानी की ऑन पेमेंट व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। वहीं बच्चों के लिए लगातार पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, क्योंकि परीक्षार्थियों का केंद्रों पर पहुंचना सुबह 11:30 बजे से प्रारंभ हो जाएगा तथा दोपहर 1:30 बजे तक अंतिम प्रवेश दिया जाएगा। उन्होने कहा इस वर्ष परीक्षा के समय में 15 मिनट की बढ़ोतरी की गई है, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। उन्होने कहा जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं तथा बिजली बाधित होने की स्थिति से निपटने के लिए जनरेटर की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा प्रत्येक कक्ष की नंबरिंग कर कंट्रोल रूम व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा दमोह शहर में बनाए गए तीनों नीट परीक्षा केंद्रों का कलेक्टर श्री यादव के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान सिटी सुपरिटेंडेंट, सेंटर सुपरिटेंडेंट और सिटी कोऑर्डिनेटर्स भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं तथा परीक्षा के दिन पुलिस बल समय पर तैनात रहेगा। जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

गेहूं में रखी सल्फास की दुर्गंध से मासूम की मौत, तीन इलाजरत

दमोह। बारिश के पूर्व गेहूं सीलन तथा कीड़ों से बचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गेहूं के साथ में सल्फास की गोलियां का उपयोग करने से नहीं चूकते हैं वही इस कमरे में खानपान आराम के साथ भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए पंखा कूलर आदि का उपयोग करने से नहीं चूकते हैं। ऐसे ही कुछ हालातो के चलते पिछले महीने जेरठ पथरिया में दो बच्चों तथा उनकी मां की सल्फास की दुर्गंध से सांसे दूषित हो जाने से मौत हो गई थी। वही अब हिंडोरिया थाना क्षेत्र के आनू ग्राम से ऐसा ही घटना क्रम सामने आया है। हिंडोरिया थाना क्षेत्र के आनू ग्राम में माखन प्रजापति के घर में गेंहू की सुरक्षा के लिए रखी गई सफास की गोलियां उसके चार मासूम बच्चों की जान की दुश्मन बन गई। जहरीली दवा की दुर्गंध से सांसे दूषित हो जाने से एक मासूम की जान चली गई वही तीन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माखन प्रजापति के 5 साल के मृतक बेटे का नाम धर्मेंद्र बताया जा रहा है जबकि उसके तीन भाई बहनों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जिनमे रीना 3 वर्ष, दिनेश 7 वर्ष और दीपक 9 वर्ष बताई गई है। परिजनों को कहना है कि बच्चे जिस कमरे में सोए थे उसी कमरे में गेहूं रखा हुआ था तथा उसमें सल्फास की गोलियां डाली गई थी। इस दुखद घटनाक्रम की जानकारी लगने पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली वही घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर, जबलपुर रेफर

तेंदूखेड़ा। थाना क्षेत्र अंतर्गत दरौली-कोडल मार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान देवेंद्र उर्फ दीपू पिता हर प्रसाद (22 वर्ष), निवासी ग्राम कोडल के रूप में हुई है। बताया गया है कि देवेंद्र जन्म से ही बोलने और सुनने में असमर्थ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्र दरौली-कोडल मार्ग पर सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिसके बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के संबंध में प्रत्यक्ष जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण एवं राहगीर मौके पर पहुंचे। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान युवक के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें पाई गईं। हालत चिंताजनक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। निजी वाहन के माध्यम से युवक को जबलपुर भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन एवं उसके चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच कर दुर्घटना के कारणों एवं वाहन की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

सुभाष कॉलोनी में नहीं होगी जलभराव की समस्या, नाले निर्माण के लिए भेजा प्रस्ताव- विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

विधायक जयंत मलैया ने शनिवार सुबह सुभाष कॉलोनी नाले का निरीक्षण कर क्षेत्र में चल रहे जल निकासी कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा प्रशासन द्वारा लगातार नाले की सफाई एवं सुधार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जलभराव समस्या के स्थायी समाधान के लिए विधायक निधि से पुनः 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। विधायक श्री मलैया ने कहा नाले के पक्के निर्माण के लिए विस्तृत एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेज दिया गया है, उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि यदि इस वर्ष तेज बारिश भी होती है, तब भी सुभाष कॉलोनी में जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी और नागरिकों को राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होने नवजागृति स्कूल के समीप निर्माणाधीन नाले का भी अवलोकन किया तथा अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा नागरिकों की सुविधा और शहर के समुचित विकास के लिए आवश्यक कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह सुचारु बनाए रखने के प्रयास जारी हैं। इस अवसर पर मनीष तिवारी, तहसीलदार रॉबिन जैन, परियोजना अधिकारी कपिल खरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी, रमाकांत बाजपेयी, विशाल शिवहरे, रितेश सोनी, संतोष रोहित सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवती का शव

दमोह। सागर नाका चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक पुजारी की बेटी का शव उनके आलीशान मकान के बेडरूम में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिलने से सनसनी के हालात बनते देर नही लगी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोबाइल जप्त करके जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देहात थाना अंतर्गत श्री हनुमान मंदिर खसरा के पुजारी श्री प्रहलाद दास दुबे एवं उनके परिवार मंदिर परिसर में ही स्थित आवास में निवासरत है। बीती देर रात सागर नाका चौकी पुलिस को सूचना मिली थी कि पुजारी श्री दुबे की बेटी प्रमिला 27 वर्ष अपने बेडरूम में लगे पंखे पर फांसी के फंदे पर लटकी हुई है। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी विक्रम सिंह दांगी, एएसआई अकरम खान व पुलिस टीम मौके पर पहुची। जहां उनको खिड़की से झांकने पर अंदर युवती का शव फांसी पर झूलता नजर आया। कमरे के अंदर से दरवाजा लगा होने की वजह से पुलिस ने जैसे-जैसे दरवाजे का कुंदा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और हालात का छायांकन करते हुए एफएसएल टीम को सूचना दी। बाद में पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंपते हुए मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। कुंवरपुर खेजरा निवासी युवती के मोबाइल को जप्त कर लिया गया है जिसकी कॉल डिटेल आदि की शीघ्र जांच कराई जाएगी। विवाह योग्य बेटी के इस तरह से जीवन लीला समाप्त कर लेने से पूरा पुजारी परिवार गहरे सदमे में है किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा यह फिर उसने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया। एमएससी कर चुकी 27 वर्षीय प्रमिला की शादी के लिए परिजन रिश्ते तलाश रहे थे लेकिन वह शादी के बंधन में बढ़ने की बजाय भक्ति के मार्ग पर रमना चाहती थी।ऐसे में सागर नाका पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि कही परिणय चर्चाओं के तनाव में उसने गलत कदम ना उठा लिया हो। इस गंभीर घटनाक्रम ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। ..

भक्ति भाव से मनाया श्रुत पंचमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

श्री तारण तरण दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ निसई जी सूखा में तारण तरण जैन समाज ने भक्ति भाव से श्रुत पंचमी का उत्सव किया, कार्यक्रम के प्रारंभ में बड़ी मंदिर विधि का आयोजन किया गया। पश्चात रत्नात्रय के प्रतीक श्री तारण त्रिवेणी जी का पाठ हुआ, पाठ की प्रत्येक गाथा को बहुत ही श्रद्धा पूर्वक वाचन किया गया।

प्रचार मंत्री भूपेंद्र जैन ने बताया कि यह श्रुत पंचमी का पर्व अखिल भारतीय तारण समाज के लिए बहुत ही बहुमान का पर्व है। इसके साथ ही प्रेरणा गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें समाज की प्रतिभाओं द्वारा अपने विचार रखे गए। मंत्री के सी जैन ने कहा प्रेरणा उत्सव टीम आगामी समय में बहुत भव्य रूप से यह आयोजन करे तीर्थ कमेटी इसमें पूर्ण सहयोग करेगी। आनंद जैन एल आई सी रमेश जैन हेमेंद्र जैन संयम जैन डाल चंद जैन प्रदीप जैन ने उनकी भावना की अनुमोदना की। इसी क्रम में शास्त्री श्वेता जैन ने महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक हो महिलाये जागृत होगी तो आने वाली पीढ़ी श्रुत महोत्सव आगे ले जाएगी। निधि जैन ने घर घर जागरण हेतु रूप रेखा के संदर्भ में अपनी बात रखी।

श्रद्धा जैन साधना जैन ने शास्त्र स्वाध्याय से धनात्मक परिवर्तन पर अपनी बात रखी। इसी क्रम में माँ जिनवाणी को मस्तक पर विराजमान कर वेदी जी की परिक्रमा मंत्रोच्चार के साथ की गई। कार्यक्रम में बाल ब्रह्म किरण दीदी का सानिध्य प्राप्त हुआ ,प्रसाद वितरण कर पात्र भावना हुई कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा सेवक भूपेंद्र जैन द्वारा किया गया आभार के सी जैन ने माना।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवतम का शुभारंभ

हटा। नगर के शिवशक्ति दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार की शाम नगर में कलश यात्रा निकालकर किया गया। कलश यात्रा चंडी जी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ हुई जो रतन बजरिया, बड़ा बाजार, मंदिर मस्जिद चौराहा, राय चौराहा, नायक तिगड्डा होते हुए कथा स्थल शिवशक्ति दुर्गा मंदिर पहुंची। कलश यात्रा का नगर में लोगों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान मातृशक्ति पीले वस्त्रों में सिर पर पगड़ी बांधकर मंगल कलश लेकर चल रही थी साथ में आगे आगे दुर्गा महाकाली का रूप धारण किए कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही थी। वहीं डीजे बैंड बाजों की धुन पर युवा वर्ग नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा का समापन शिव शक्ति मंदिर परिसर में पंडितों द्वारा विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर कर किया गया इसके उपरांत नव दिवसीय श्रीमद् देवी भागवतम कथा पुराण का शुभारंभ कथावाचक जगद्गुरु श्री- अग्रमलूक पीठाधीश्वर श्री राजेन्द्र दास जी महाराज के कृपापात्र व्याकारणाचार्य तन्त्रज्ञ श्रीगुरुचरण दास जी महाराज द्वारा किया गया। शोभायात्रा में अजब धाम से पूज्य गुरुदेव छोटे सरकार,रथ पर सवार संत महात्माओं के साथ नगर व क्षेत्र के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।